



## एक नजर में

### जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण



**शाजापुर, 4 सितंबर** .मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 के तहत आज जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलाना, शासकीय पशु चिकित्सा गुलाना एवं ग्राम सकतखेड़ी में आंगनवाड़ी तथा शासकीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया . इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए .

### अप्रेंटिसशिप मेले में 67 आवेदकों का प्रारंभिक चयन




**शाजापुर, 4 सितंबर** . शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन शासकीय महाविद्यालय मोहन बडोदिया में किया गया . रोजगार मेले में 126 आवेदकों ने भाग लेकर साक्षात्कार दिया . साथ ही आवेदको द्वारा समस्त नियोजको के काउंटर पर जाकर रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिस की जानकारी ली गई . जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम में आमंत्रित निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया . जिसमें एमकेसी आयशर देवास, यशस्वी अकेडमी फॉर स्कील देवास, पुखराज हेल्थ केयर भोपाल, एलपीएल बीएबल फाउंडेशन इन्दौर, नॉइज ब्रांड और लाइफस्टाइल देवास, एचडीएफसी शाजापुर आदि कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेकर 67 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया . जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द शाजापुर द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अन्तर्गत 5 हितग्राही एवं ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर 77 हितग्राही का ऋण वितरण किया एवं स्वरोजगार ऋण की जानकारी प्रदान की . औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा 15 आरसेटी शाजापुर द्वारा 30 आवेदको का स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया . स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 54 आवेदको का हेल्थ चेकअप किया गया एवं श्रम विभाग द्वारा श्रम से सबंधित जानकारी प्रदान की गई . साथ ही आवेदको को कॅरियर काउंसिलिंग के माध्यम से मनोवैज्ञानिक एंव विषय विशेषज्ञ के द्वारा कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया . इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी नवीन मिश्रा, प्राचार्य डॉ .मनोज लश्करी, जॉब फेयर प्रभारी बीएल गुवाटिया, काउंसलर वैभव जैन, जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन राजेश पाण्डे, ब्रजराजसिंह, अमित सावनेर, राहुल गुर्जर, महाविद्यालय से डॉ .दीपा वाडिया, श्रीमती सोम्या सिंह तोमर, डॉ .राजकुमार सुत्रकार, डॉ . प्रीति राजपूत, डॉ .ओमप्रकाश, गोपालसिंह वर्मा, अभय भोंसले, श्रीमती सायरा बानो खान, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र अशोक कुमार राठौर, औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था से विकास शर्मा, कुलदीप शुक्ला, रविन्द्र, श्रम अधिकारी आरएस प्रजापति, आरसेटी से जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ .आलोक वर्मा, संगीता विश्वकर्मा, रेखा गुर्जर, रामकन्या मालवीय, राजेन्द्रसिह राठौर, देवनारायण मालवीय, मदनलाल मालवीय, मोहन आदि उपस्थित थे .

# 12 बजते ही कृष्णमय हुआ शहर, देर रात तक झूमे नगरवासी

**शाजापुर, 4 सितंबर. नंद लाल के जन्मोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया. केवल नगरवासी ही नहीं बल्कि इन्द्रदेव ने भी जोरदार बारिश के साथ कान्हा के आगमन की खुशियां मनाई. दिनभर से हो रही भारी बारिश के बाद भी नगरवासियों का उत्साह कम नहीं हुआ और नगरवासी दिनभर बाजारों में कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारी में उत्साह से जुटे रहे. कहीं भंडारे का आयोजन हुआ तो कहीं कान्हा के स्वागत के लिए मंदिरों में विशेष सज्जा की गई. जैसे ही घड़ी के कांटे मिले पूरा नगर नंदलाल के जयकारों से गूंज उठा.**

इस दिन न सिर्फघरों में न सिर्फ मटकी फोड़ी गई बल्कि माखन मिश्री का भोग भी लगाया गया. इसके



अलावा नगर के प्रमुख मंदिरों में कृष्णजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सबसे ज्यादा उत्साह छोटे बच्चों में देखने को मिला जो प्रभु श्री कृष्ण की वेशभूषा में सज धजकर खुशी से फुले नहीं समा रहे थे. सुबह से ही शहर के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिरों में चार से पांच लोगों की मंडली द्वारा भजन कीर्तन का दौर प्रारंभ हो गया था जो रात 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव तक जारी था. जैसे ही घड़ी में 12 बजे कृष्ण मंदिरों में शंख, झांझ, मंजीरे और घंटालो की गूंज सुनाई दे रही थी. हर कोई भक्त कृष्ण की भक्ति में लीन होकर सुमधुर भजनों की धुन पर थिरकते हुए नजर आए.

**नन्हे मुन्नों की जन्माष्टमी**

श्री कृष्ण का स्मरण करते ही उनका मनमोहक बाल स्वरूप आंखों के सामने आ जाता है. यही वजह है कि नगरवासी अपने नन्हे मुन्नो को भी श्री कृष्ण के रूप में सजाकर उनके रूप में भगवान श्री कृष्ण की अपने तरीके से आराधना करते हैं और भक्ति में डूबे रहते हैं. शुक्रवार को भी नगरवासियों ने अपने छोटे छोटे बच्चों को कान्हा बनाकर उन्हें खूब दुलार किया.

### देशी और विदेशी नोटों से होता है मंदिर का श्रंगार, बरसों से निभाई जा रही परंपरा

अधिकांशत : शिव मंदिरों में सावन माह के दौरान किए जाने वाले श्रृंगार के समय शिवलिंग को अलग-अलग स्वरूपों में सजाया जाता है . इससे अलग शहर में एक ऐसा भी मंदिर है जिसमें यूं तो श्रीराम दरबार विराजित हैए लेकिन जब सावन माह आता है तो भगवान श्रीराम दरबार शिव परिवार के स्वरूप में नजर आता है . वहीं जब श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आती है तो मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा श्रीकृष्ण के रूप में श्रृंगारित होकर भक्तों को दर्शन देती है . हम बात कर रहे हैं शहर के वजीरपुरा क्षेत्र में स्थित करीब 200 वर्ष प्राचीन खजांची मंदिर की . शहरी क्षेत्र में रामानुज संप्रदाय का यह एकमात्र मंदिर है . मंदिर के पुजारी पंण् सीताराम तिवारी ने बताया कि ये खजांची मंदिर मूलत : राम मंदिर है . मंदिर पुजारी पॅ .तिवारी ने बताया कि मंदिर में प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर नोटों से श्रृंगार किया जाता है . उन्होंने कहा कि यहां पर देश के 1 रुपए से लेकर वर्तमान तक की मुद्रा का उपयोग श्रृंगार के लिए किया जाता है . वहीं पूर्व के वर्षों में प्राप्त अन्य देशों की मुद्रा का भी उपयोग श्रृंगार के लिए किया जाता है . इसमें अमेरिका, भूटान और नेपाल शामिल है . हालांकि इन तीनों देश की मुद्रा के एक दो नोट ही मंदिर के पास बरसों से संरक्षित किए हुए हैं, जो श्रृंगार के समय उपयोग में लिए जाते हैं .

## सादगी और सेवा से संगठन को दी मजबूती : परमार

**शुजालपुर, 4 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ, संगठन शिल्पी एवं कर्मठ कार्यकर्ता स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती भाजपा नगर मंडल की ओर से स्थानीय विधायक कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई. कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने स्व. ठाकरे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित की. इस दौरान उनके सादगीपूर्ण जीवन, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया.**

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार, भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक नायक, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, विवेकानंद नागरिक बैंक अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह खींची, भाजपा नेता एवं समाजसेवी किशोर खन्ना तथा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी मंचासीन रहे.

**कार्यकर्ता निर्माण को बनाया जीवन का ध्येय**

कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि स्व. कुशाभाऊ ठाकरे का जीवन सादगी, अनुशासन, त्याग और संगठन के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था. उन्होंने पद और प्रतिष्ठा को कभी महत्व नहीं दिया, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण को अपने जीवन का ध्येय बनाया. संगठन की जड़ों को मजबूत करते हुए उन्होंने हजारों कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा की दिशा दी. आज भाजपा का विशाल संगठन उनके तप, त्याग और संगठन कौशल की जीवंत विरासत है. कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्व. कुशाभाऊ ठाकरे ने अपने सरल व्यवहार, सहज व्यक्तित्व और अनुशासित जीवन से कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता का भाव पैदा किया. वे स्वयं को सदैव सामान्य कार्यकर्ता मानते रहे और संगठन को सर्वोपरि रखा. उन्होंने कार्यकर्ताओं को केवल राजनीतिक दायित्व निभाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज की सेवा का माध्यम माना.

## केले से भरा ट्रक पलटा, डायल 112 वाहन से टकराया

**शुजालपुर, 4 सितंबर. आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 9.40 बजे जेठड़ा जोड़ के पास केले से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. पलटने के बाद ट्रक सड़क किनारे खड़े डायल 112 पुलिस वाहन से जा टकराया.**

हादसे में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसका चालक घायल हो गया. जानकारी के अनुसार हादसे के समय डायल 112 वाहन में चालक इकबाल और सहायक उप निरीक्षक महेंद्र गौड़ मौजूद थे. ट्रक की टक्कर से चालक इकबाल को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. सहायक उप निरीक्षक महेंद्र गौड़



सुरक्षित बताए गए हैं. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई. पुलिस ने ट्रक चालक जमील निवासी ग्राम गालवी, थाना कालापीपल को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त कर लिया. पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में ट्रक अनियंत्रित होकर पलटने की बात सामने आई है. मामले में तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के संबंध में कार्रवाई की गई है, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है.

### जन्माष्टमी पर कैदियों को बांधी राखी

**शाजापुर, 4 सितंबर.** जिला जेल में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया. इस दिन विश्व हिंदू परिषद और दुर्गा वाहिनी की बालिकाएं व महिलाएं जेल पहुंचीं और कैदियों को राखी बांधी. उन्होंने कैदियों को गलत कामों से दूर रहने और आगे सही रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया. जेल परिसर में जन्माष्टमी पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए. इस दौरान जेल परिसर में धार्मिक कार्यक्रम चलता रहा. जिला जेल अधीक्षक दुष्यंत पगारे ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में हुआ था. शासन के निर्देश पर हर साल की तरह इस बार भी जेल में जन्माष्टमी मनाई गई. कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों में सकारात्मक सोच और धार्मिक भावना बढ़ाना था.

**एक नजर** ▶ जमधड़ और नेवज नदी में बढ़ा पानी, कई स्थानों पर जलभराव

## लगातार बारिश से शुजालपुर तरबतर, नदियों का जलस्तर बढ़ा

**शुजालपुर, 4 सितंबर. शुजालपुर क्षेत्र में बीती रात से शुरू हुआ बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा. सुबह से रुक-रुककर बारिश होने से शहर सहित आसपास के गांवों में जनजीवन प्रभावित हुआ. लगातार बारिश के चलते शहर की कुछ सड़कों और गलियों में पानी भर गया, वहीं कुछ शैक्षणिक संस्थानों के खुले परिसरों में भी जलभराव की स्थिति बनी. हालांकि मौसम सुहावना होने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली.**

लगातार हो रही बारिश का असर



क्षेत्र के नदी-नालों और जलस्रोतों पर भी दिखाई देने लगा है. नगर के मध्य से गुजरने वाली जमधड़ नदी के साथ नेवज नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है. जमधड़ नदी सिटी क्षेत्र में शाम को छोटे पूल के उपर से बह रही थी. क्षेत्र के जलाशयों में पानी की आवक बढ़ने से जलसंग्रहण की स्थिति बेहतर हुई है. वहीं बारिश से भूमिगत जलस्तर में भी सुधार की उम्मीद जगी है. लगातार बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलों को पर्याप्त नमी मिल रही है. किसानों के अनुसार वर्तमान बारिश सोयाबीन सहित अन्य फसलों के लिए लाभदायक है. खेतों में नमी बढ़ने से फसलों की बढ़वार को फायदा मिलने की उम्मीद है.

**बारिश का आंकड़ा 26 इंच पार पहुंचा**

जिला भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय की 4 सितंबर की दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार जिले की विभिन्न तहसीलों में भी अच्छी बारिश दर्ज हुई है. मिली जानकारी अनुसार पिछले 24 घंटे में शुक्रवार सुबह तक शुजालपुर में 30 मिमी तथा कालापीपल में 40 मिमी बारिश हुई. चालू मानसून में अब तक शुजालपुर तहसील में 650 मिमी, कालापीपल में 683 मिमी, गुलाना में 598 मिमी, पोलायकलां में 509 मिमी तथा अवंतिपुर बडोदिया में 472 मिमी बारिश दर्ज की गई है. बीती रात हुई बारिश के बाद इन आंकड़ों में और बढ़ोतरी हुई है, लगातार बारिश से क्षेत्र के जलाशयों में पानी की आवक बढ़ रही है, वहीं नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है.

# देवास

## एक नजर में

### भारतीय जीवन बीमा निगम में 70वां स्थापना व अभिकर्ता दिवस मनाया

**कन्नौद।** भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना सन 1956 में की गई थी।




कन्नौद में भाजीबीनि शाखा वर्ष 1988 में प्रारंभ हुई थी। तब से एलआईसी अपने सक्रिय अधिकारी-कर्मचारी और अभिकर्ताओं के साथ बीमा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए भाजीबीनि के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 3 सितंबर को अभिकर्ता दिवस के रूप मे मनाया गया। शाखा प्रबंधक कुलदीप वर्मा के निर्देशन में विकास अधिकारी तथा सभी अभिकर्ताओं तथा बीमा सखियों का अभिनंदन किया गया। शाखा प्रबंधक वर्मा ने कहा कि अभिकर्ताओं की लगन तथा मेहनत का ही परिणाम है, कि भाजीबीनि कन्नौद शाखा सेवा में उच्च स्तर पर है। अभिनंदन समारोह में पत्रकार विनोद भूतड़ा अभिकर्ता का भी अभिनंदन किया गया।

## ट्रक में पीछे से जा घुसी तेज रफ्तार कार, मौत

▶ **राजोदा जेल के पास अलसुबह हुआ हादसा, ड्राइवर घायल; नासिक-ओंकारेश्वर की यात्रा पर निकले थे**

**देवास।** बायपास पर राजोदा जेल के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी अधिवक्ता गौरव वर्मा (40) गुरुवार शाम करीब 4 बजे कार से इंदौर के लिए रवाना हुए थे। उनके साथ ड्राइवर शाहरुख मकबूल भी था। दोनों नासिक, ओंकारेश्वर सहित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जा रहे थे।

**अलसुबह ट्रक में घुसी कार-** पुलिस के अनुसार शुक्रवार अलसुबह करीब 3 बजे राजोदा जेल के पास कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। तेज टक्कर के कारण कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में गौरव वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर शाहरुख घायल हो गया।

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया-** हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ड्राइवर को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## दव गवली समाज ने निकाली शोभायात्रा, लड्डू गोपाल को कराया नगर भ्रमण

**देवास।** यादव गवली समाज द्वारा जन्माष्टमी के पर्व पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत प्रथम दिवस लड्डू गोपाल अनुष्ठान संपन्न हुआ, वहीं दूसरे दिन भगवान जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल की शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा की विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ अपने सिर पर लड्डू गोपाल को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया।

यात्रा गवली मोहल्ला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: गवली मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं अखाड़ों



के कलाकार भी यात्रा में शामिल हुए और अपने प्रदर्शन से धार्मिक माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। नगर भ्रमण के पश्चात गवली मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर देर रात तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन हुआ। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत अंतिम दिन 5 सितंबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पार्षद रामदयाल यादव एवं पूर्व पार्षद अर्जुन यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाते हैं, लेकिन इस वर्ष पहली बार तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के सभी धार्मिक अनुष्ठान पं. निशामणी शर्मा के सान्निध्य में संपन्न हो रहे हैं।

## शिक्षक अज्ञानता का अंधकार दूर कर जीवन को ज्ञान के प्रकाश से भर देते हैं : ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी

**देवास। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कालानी बाग सेंटर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की जिला संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, बीएनपी के मुख्य महाप्रबंधक आशुतोष कुमार, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस, मां चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया नारायण व्यास, क्षेत्रीय पार्षद आलोक साहू, वरिष्ठ शिक्षक पीएन तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।**




सम्मान समारोह में लगभग 125 शिक्षकों का दुपट्टा व भेंट देकर सम्मान किया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा नाटिका प्रस्तुत की गई। ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने अपनी अमृतवाणी में कहा कि शांति और प्रेम को अपना मार्गदर्शक बनाओ। प्रेम रतन धन इस संसार में सबसे मूल्यवान है। शिक्षक उस दीपक के समान है, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशमान बनाते हैं। उनके हर अनुभव में आपका कल्याण छुपा है, बस दृष्टि बदलने की देर है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, मनीषा दीदी, अपुलश्री दीदी, हेमा वर्मा, एकता बहन, दुर्गा व्यास, संगीता जोशी, देवीशंकर तिवारी, बंसीलाल राठौर, विवेक भाई, सुनील भाई, राजेश भाई अफजल भाई, पूरण भाई उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बाल गोपाल की सजी मनमोहक झांकियां

## जय कन्हैया लाल के जयकारों से भक्तिमय हुआ देवास



**देवास। शहर सहित जिलेभर में शुक्रवार को जन्माष्टमी का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलता रहा।**

रात 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय हुआ, मंदिर घंटे-घड़ियाल और शंख की ध्वनि से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने जय कन्हैया लाल के जयकारे लगाकर जन्मोत्सव मनाया और माखन-मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया।

### मंदिरों से लेकर घरों तक सजा नंदलाल का दरबार

जन्माष्टमी को लेकर शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट की गई। मंदिरों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी भगवान बाल गोपाल की आकर्षक झांकियां सजाई। कहीं बाल कृष्ण को पालने में विराजमान किया गया तो कहीं कृष्ण जन्म से जुड़ी झांकी तैयार की गई। शाम होते ही मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी।

**भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से गूंजते रहे मंदिर-**

सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए थे। दिनभर भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए। कई मंदिरों में देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जन्म समय को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा।

**रात 12 बजे हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-** रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय होते ही मंदिरों में माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। घंटे-घड़ियाल बजने लगे और शंखनाद के बीच भगवान बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया।